**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**अटल श्रद्धांजलि**

आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सादर नमन। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के चौतरफा विकास के लिए वाजपेयी का समर्पण और सेवाभाव, हर एक को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करता है।

.............................................

**वाजपेयी पुण्य तिथि**

इधर प्रदेश में भी अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने मूल्यों पर आधारित राजनीति की और अपने पूरे कार्यकाल में सर्वोच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखा। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सभी के लिए प्रेरणस्रोत है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी आदर्शवादी नेता रहे है और कांग्रेस व भाजपा सहित सभी राजनीतिक दल उनका सम्मान करते थे।

इस बीच उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल के साथ गहरा नाता रहा और प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।

.............................................

**जन्माष्टमी**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। ये त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी है। नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में आशा व्यक्त की कि जन्माष्टमी का पर्व लोगों के जीवन में नया उत्सांह और नई ऊर्जा लाएगा।

.............................................

**मणिमहेश यात्रा**

चम्बा जिले की विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा आज डल झील में छोटे नहोण के साथ शुरू हो गई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पवित्र डल झील में हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और कैलाश पर्वत के दर्शन किए। आधिकारिक रूप से ये यात्रा राधा–अष्टमी तक चलेगी। 15 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

............................................

**एनएचएआई–फास्टैग वार्षिक पास**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में लगभग एक हजार एक सौ 50 टोल प्लाजा पर फास्टैग वार्षिक पास की सुविधा शुरू कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर सक्रिय किया। मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक पास से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर प्राधिकरण के अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस पास की वैधता एक वर्ष या 200 बार टोल प्लाजा से गुजरने तक रहेगी। फास्टैग वार्षिक पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।

............................................